**दिनांक : 05.10.2025** **समय : 02.10 पीएम**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**दोपहर समाचार**

## मुख्यमंत्री गुवाहाटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुवाहाटी में इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश सत्र के आयोजन में शामिल होंगे। डॉ यादव यहां पूर्वोत्तर भारत के औद्योगिक शहरों के निवेशकों और उद्योगपतियों से चर्चा भी करेंगे। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं से अवगत कराना है। इसके पहले आज मुख्यमंत्री ने असम के काजीरंगा नेशनल पार्क का भ्रमण किया। उन्होंने चाय बागान का दौरा कर स्थानीय किसानों से संवाद भी किया।

## कफ सिरप

छिंदवाड़ा जिले के परासिया में कफ सिरप पीने से हुई 11 बच्चों की मौत पर राज्य सरकार ने कार्रवाई करते हुए इलाज करने वाले डॉक्टर और दवा निर्माता कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराई है। डॉक्टर प्रवीण सोनी को कल रात गिरफ्तार कर लिया गया है। दवा निर्माता तमिलनाडु की श्रेसन फार्मास्युटिकल कंपनी पर मामला दर्ज किया है। जांच के लिए गठित एसआईटी जल्द ही तमिलनाडु जाएगी। कल आई रिपोर्ट में कोल्ड्रिफ सिरप में हानिकारक डायएथिलिन ग्लायकॉल की मात्रा 46.2 प्रतिशत होने की पुष्टी हुई थी।

## पश्चिम बंगाल–जीएसटी

जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्गो को फायदा हो रहा है। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी और यह उत्सव बाइस सितम्बर से शुरू हुआ था। आज हमारे संवाददाता पश्चिम बंगाल में उन जीएसटी सुधारों के बारे में जानकारी दे रहे हैं जिसके माध्यम से विभिन्न उद्योग सशक्त हो रहे हैं।

## विशेष प्रदर्शनी–गांधी

महात्मा गांधी के जीवन, विचार और योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से जी. पी. बिड़ला संग्रहालय, भोपाल में "विशेष प्रदर्शनी गांधी का शुभारंभ आज किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री पवन डालमिया, निदेशक, पोस्टल सर्विस, भोपाल ने किया। यह प्रदर्शनी आज से 20 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 7 बजे तक आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

## दीक्षांत समारोह–मैनिट

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल का चौथा दीक्षांत समारोह भोपाल स्थित मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य सचिव अनुराग जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। मैनिट के सिविल सभागार में आयोजित इस समारोह में ब्लॉकचेन तकनीक के माध्यम से डिग्री प्रदान की गईं तथा मेधावी छात्रों को पदक भी दिए गए।

## समाचार संक्षेप में :–

- आगरमालवा मे राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खरीफ फसलों में विभिन्न कारणों से हुई क्षति का सर्वेक्षण शीघ्र पूर्ण करें ताकि किसानों को मुआवजा संबंधी आगामी कार्यवाही शीघ्र की जा सके।
- जबलपुर जिले में सोयाबीन उत्पादक किसानों 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। सत्यापन के बाद किसान 24 अक्टूबर से 15 जनवरी के बीच मंडियों में अपनी उपज बेच सकेंगे।
- महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में, आज भारत और पाकिस्तान का मैच कोलंबो में होगा। यह मैच दोपहर 3 बजे से खेला जायेगा।
- मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश होने का अलर्ट है। अगले 3 दिन बूंदाबांदी होने का अनुमान है।

———————————